The इंटीग्रेटेड ट्रेड डेवलपमेंट सेंटर न्यूज

24/10/2024

एसपीए भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह 25 अक्टूबर 2024 को

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल

राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

School of Planning and Architecture, Bhopal

An Institute of National Importance, Ministry of Education, Government of India

सीएनएन सेंट्रल न्यूज़ एंड नेटवर्क/आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस /आईटीडीसी न्यूज़ भोपाल। योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 को 04:00 बजे शुरू होगा । प्रोफेसर किशोर कुमार बासा, अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण, भारत सरकार, जो दो दशकों से अधिक समय तक उत्कल विश्वविद्यालय में पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहे है । इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर 263 स्नातको (125 स्नातक, 129 परास्नातक, 9 पीएचडी) को उपाधियाँ प्रदान की जाएगी, जिनमे वास्तुकला में स्नातक, योजना में स्नातक, वास्तुकला में परास्नातक (संरक्षण), वास्तुकला में परास्नातक (भूपरिदृश्य), वास्तुकला में परास्नातक (नगर अभिकल्पना), अभिकल्प में परास्नातक, योजना परास्नातक (पर्यावरण योजना), योजना परास्नातक (परिवहन योजना एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन), योजना परास्नातक (नगर एवं क्षेत्रीय योजना) एवं विद्या वाचस्पति (पीएचडी) विधाओं (वर्ग) के छात्रों को उपाधियाँ दी जाएगीं । समारोह के दौरान दो उत्कृष्टता पदक, नौ प्रवीणता स्वर्ण पदक संबंधित विभागों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए और दस सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।